an>

Title: Need to implement Pradhan Mantri Adarsh Gram Yojana in 225 selected villages in Gaya Parliamentary Constituency of Bihar.

श्री हरि मांझी (गया) : **उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं।**

बिहार प्रदेश के गया जिले में पूर्व **की सरकार ने 225 गांवों को आदर्श ग्राम के तहत सिलेक्शन करवाया था। इसके लिए योजना की भी स्वीकृति हो गई थी। मैं जब क्षेत्र भ्रमण के लिए जाता हूं तो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोग यही सवाल पूछते हैं कि आदर्श ग्राम के तहत केन्द्र सरकार से जो धनराशि मिली थी, उसको किस मद में खर्च किया गया? मैं जब भी किसी ग्राम में जाता हूं तो न चापाकल दिखाई देते हैं, न शौचालय हैं, न नल हैं, न गलियां हैं, न भवन हैं।**

**मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि इसकी जांच करवाई जाए और गरीबों के हितों की सुरक्षा की जाए।**